>

Title: Need to ensure proper implementation of Rashtriya Swasthya Bima Yojana in Pratapgarh parliamentary constituency in Uttar Pradesh.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): मैं अपने संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के कार्यों से केन्द्र सरकार को अवगत करवाना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में इस बीमा योजना कार्य का प्रचार करने का काम एक कंपनी को सौंपा गया जिसने माईक एवं अन्य साधनों से प्रचार कार्य नहीं किया केवल आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से लोगों तक सूचना कुछ ही लोगों तक पहुंचाई और प्रचार के लिए दिए गए पैसा का पूरी तरह से दुरूपयोग किया गया है। कार्ड बनाने का कार्य जिस कंपनी को दिया गया है उक्त कंपनी ने 2002 के आधार पर गरीबी रेखा के नीचे पहचान किए गए परिवारों का कार्ड बनाने का कार्य 29 अक्टूबर, 2012 में शुरू किया और अपने चार महीने के निर्धारित समय में कार्ड बना नहीं पाई और जिन क्षेत्रों में कंपनी को कार्ड बनाने जाना था वहां पर नहीं पहुंचे। फील्ड ऑफिसरों के साथ बैठक कर कई जगहों पर कार्ड बनने का दिन निश्चित करने के बाद भी 40 प्रतिशत जगहों पर कंपनी वाले नहीं पहुंचे और जिन लोगों को कार्ड दिए भी गए तो उन्हें अस्पताल की सूची नहीं दी गई। कार्ड बनने के बाद अपना इलाज करवाने में असमर्थ रहे हैं। इस तरह इस योजना को लागू करने में घोर अनियमितताएं बरती गई और काम नहीं किया गया जिसके कारण सरकार के जो उद्देश्य बनाए गए थे उनको एक निर्धारित समय में पूरा नहीं किया गया।

सरकार से अनुरोध है कि इसकी जांच करवाई जाए और जल्द मेरे संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की स्कीम को प्रभावकारी ढंग से लागू किया जाए जिससे केन्द्र सरकार के उद्देश्य को पूरा किया जा सके।